समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# इंडियन एयरफोर्स एयरमैन ग्रुप-वाई भर्ती 2025: 12वीं पास युवाओं के लिए सुनहरा मौका।

Publisher Published on 02 Jul 2025



## भारतीय वायुसेना मे ग्रुंप-वाई पदों पर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी, 11 जुलाई से शुरू होंगे आवेदन, जानिए पात्रता, चयन प्रक्रिया और वेतन।

**इंडियन एयरफोर्स एयरमैन ग्रुप-वाई भर्ती 2025: भारतीय वायुसेना (IAF)** में शामिल होने का सपना देख रहे युवाओं के लिए बड़ी खुशखबरी है। **एयरफोर्स ने एयरमैन ग्रुप-वाई** पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया की अधिसूचना जारी कर दी है। इच्छुक उम्मीदवार **11 जुलाई 2025** से **31 जुलाई 2025** तक आधिकारिक वेबसाइट airmenselection.cdac.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

हालांकि पदों की संख्या अभी घोषित नहीं की गई है, लेकिन यह भर्ती **योग्य** और **देशसेवा के प्रति समर्पित उम्मीदवारों** के लिए एक बड़ा अवसर है।

**पात्रता मानदंड (Eligibility Criteria)**
उम्मीदवार की शैक्षणिक योग्यता:
१. **मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं (PCB/PCM + English) मे न्यूनतम 50% अंक।**
२. **फार्मेसी मे डिप्लोमा या बीएससी डिग्री वाले उम्मीदवार भी कर सकते है आवेदन।**

**आयु सीमा :**
उम्मीदवार का जन्म **2 जनवरी 2005 से 2 जनवरी 2008** के बीच हुआ होना चाहिए (दोनों तिथियां शामिल)।

**वेतनमान और सुविधाएं**

१. **प्रशिक्षण के दौरान स्टाइपेडं : ₹14,600 प्रति माह**

२. **ट्रेनिंग के बाद वेतन : ₹26,900 प्रति माह + महंगाई भत्ता + अन्य लाभ**

३. इसके अलावा मेडिकल **सुविधा, कैन्टीन सुविधा, ट्रैवल अलाउंस, इंश्योरेसं आदि भी मिलेगें**।

**शारीरिक फिटनेस मानदंड (Physical Standards)**

१. **लंबाई :** न्यूनतम 152.5 सेमी

२. **छाती :** न्यूनतम 77 सेमी (5 सेमी फुलाव जरूरी)

३. **वजन :** उम्र और लंबाई के अनुसार

४. **सुनने की क्षमता :** 6 मीटर की दूरी से फुसफुसाहट सुनने में सक्षम

चयन प्रक्रिया (Selection Process)

१. **ऑनलाइन परीक्षा (Written Test**):

**विषय : अंग्रेज़ी, रीजनिंग, सामान्य ज्ञान (12वीं स्तर)**

२. **समय : 45 मिनट**

३. **अंक : 1 अंक प्रति सही उत्तर, -0.25 अंक गलत उत्तर पर**

४. **फिजिकल फिटनेस टेस्ट (PFT)**

५. **मेडिकल टेस्ट**

६. **डॉक्यूमेटं वेरिफिकेशन**

आवेदन शुल्क

**₹550/- का ऑनलाइन शुल्क देना होगा।**

**भुगतान माध्यम :** डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, UPI या नेट बैंकिंग

**आधिकारिक वेबसाइट**

airmenselection.cdac.in

जो युवा **भारतीय वायुसेना** में शामिल होकर देश की सेवा करना चाहते हैं, उनके लिए यह एक शानदार अवसर है। अच्छी **सैलरी, सरकारी सुविधाएं** और **सम्मानजनक करियर** की चाह रखने वाले युवा इस मौके को हाथ से न जाने दें। आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन है और जल्द शुरू हो रही है, इसलिए समय रहते जरूरी दस्तावेज तैयार कर लें।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.